**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 दिनॉकः मार्च 19, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर के थाना तितावी पुलिस व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड 02 अभियुक्त घायल सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार, मात्र 02 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का सफल अनावरण, लूटे गए माल की शत–प्रतिशत बरामदगी के साथ घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप गाडी व अवैध शस्त्र बरामद।**

अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में चोर/लूटेरे अभियुक्तगण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी फुगाना के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी तितावी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.03.2023 को उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह मय उ0नि0 श्री आदित्य भाटी मय हमराह का0 2400 आकाश कुमार, का0 2435 गौरव व उ0नि0 श्री दीपक कुमार मय उ0नि0 श्री विकास कुमार मय हमराह है0का0 107 देवेन्द्र बिष्ट, का0 2399 पवन कुमार के वास्ते चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, शांति व्यवस्था एवं विवेचना मु0अ0सं0 62/2023 धारा 392 भादवि में मामूर होकर घटानास्थल की ओर रवाना हुए। घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त पुलिस टीम सुरागरसी पतारसी करती हुई बघरा अडडे पर पहुंची तब वहां स्वाट टीम के है0का0 221 जोगेन्द्र कसाना, है0का0 391 तरूण पाल, का0 1071 अलीम, है0का0 707 कुलवन्त मय मुखबिर मिले तथा सूचना दी कि घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण मय चोरी किए माल के खरीदने वाले व्यक्ति का इन्तजार कर रहे हैं। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम से उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह द्वारा 02 टीमें बनाई गई। दूसरी पुलिस टीम को बघरा जाने वाले रास्ते पर रवाना किया गया तथा पहली पुलिस टीम मुकुन्दपुर झाल की ओर से चलकर रजवाहा पटरी होते हुए करवाडा की ओर चल दिए कुछ दूर चलने पर हैदरनगर पुलिया के पास 01 बुलेरो पिकअप गाडी खडी दिखाई दी। मुखबिर द्वारा बताया गया कि यह वही गाडी है जिसमें बदमाश हैं, तथा मुखबिर चला गया। तब पुलिस टीम द्वारा अपनी गाडी को तेजी से चलाकर गाडी में बैठे व्यक्तियों को पकडने का प्रयास किया गया तो गाडी में सवार व्यक्तियों द्वारा चिल्लाकर कहा गया कि पुलिस ने घेर लिया है, भागो और गोली मारो नही तो पकडे जायेगें। तो गाडी सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई जिससे पुलिस टीम बाल–बाल बची। पुलिस टीम को विश्वास हो गया कि यह वहीं बदमाश हैं जो लूट करके भागे हैं। बदमाश अपनी गाडी को बघरा जाने वाले खडन्जे की तरफ मोडकर भागने लगे जिसका पीछा पुलिस द्वारा किया गया तथा घटना की सूचना थाना हाजा पर दी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को तेज आवाज में आत्मसर्मपण हेतु कहा गया परन्तु बदमाशों ने गाडी नहीं रोकी तथा गाडी को पुलिया से 500 मीटर आगे कच्चे रास्ते की ओर मोड दिया जो मुडते ही आम के पेड से टकरा गई तब बदमाशों द्वारा पुनः फायरिंग की गई व गाडी में बैठे 03 बदमाश व गाडी में लदे सामान के उपर बैठे 04 बदमाश कूदकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म जवाबी फायरिंग की गई तो 02 बदमाश कराहते हुए नीचे गिर गए तथा शेष 05 बदमाश ईंख के खेत की और भागने लगे जिनका पीछा उ0नि0 श्री दीपक कुमार, उ0नि0 श्री विकास कुमार, आरक्षी आकाश व आरक्षी पवन से कराया गया। तथा शेष पुलिस टीम द्वारा बदमाशों के पास जाकर देखा गया तो दोनों बदमाश के पैर से खून बह रहा है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण को

प्राथमिक उपचार देकर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उन्होने अपना नाम 1. ईनाम पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला मुस्तरक कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर व 2. आश मौहम्मद उर्फ आस पुत्र साहिद निवासी निराना थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर बताया। घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु सरकारी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान भागे हुए बदमाशों का पीछा कर रहे उ0नि0 श्री आदित्य भाटी व उ0नि0 श्री दीपक कुमार हमराहीगण की मदद से भागे हुए 02 अभियुक्तगण को पकड कर ले आये। जिनका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उन्होनें अपने नाम 1. फुरकान पुत्र यासीन निवासी खालापार किराये का मकान गहरा बाग के सामने नदीम पुत्र अनवर का मकान हाल निवासी मोरना थाना भोपा, मुजफ्फरनगर व 2. मोनीश पुत्र खुर्शीद कुरैशी निवासी निधि कालौनी सुजडू चाचा ट्रांसपोर्ट वाली गली थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर बताया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से लूटे गई 70 लोहे की प्लेटें(शत–प्रतिशत बरामदगी), 01 गाडी बुलेरो पिकअप नम्बर यूपी 12 बीटी 6019(घटना में प्रयुक्त), 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 02 नाजायज चाकू की बरामदगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना तितावी पर मु0अ0स0 63/23 धारा 147,148,149,307 भादवि व 3/4/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 ओमेंन्द्र सिंह द्वारा की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–** वादी श्री अंकित पुत्र आनन्दपाल निवासी नयागांव थाना झिझांना, शामली द्वारा दिनांक 19.03.2023 की प्रातः 06 बजे थाना तितावी पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि तितावी मिल के पास निर्माणाधीन पुल से 3,4 अज्ञात बदमाशों द्वारा गार्ड को तमंचे से डरा–धमकाकर 70 लोहे की प्लेटे (जो सेटरिंग में प्रयुक्त होती है) को लूट लिया गया है। थाना तितावी पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु तत्काल पुलिस की 02 टीमें गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा मात्र 02 घण्टे के अन्दर बदमाशों को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर शत–प्रतिशत माल बरामदगी के साथ घटना का सफल अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम/पता–**

1. ईनाम पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला मुस्तरक कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर।**(घायल)**
2. आश मौहम्मद उर्फ आस पुत्र साहिद निवासी निराना थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर।**(घायल)**
3. फुरकान पुत्र यासीन निवासी खालापार किराये का मकान गहरा बाग के सामने नदीम पुत्र अनवर का मकान हाल निवासी मोरना थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
4. मोनीश पुत्र खुर्शीद कुरैशी निवासी निधि कालौनी सुजडू चाचा ट्रांसपोर्ट वाली गली थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरण–**

1. 70 लोहे की प्लेटें सेटरिंग में प्रयुक्त होने वाली।**(मु0अ0सं0 62/23 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित शत–प्रतिशत बरामदगी)**
2. 01 गाडी बुलेरो पिकअप नम्बर यूपी 12 बीटी 6019।**(घटना में प्रयुक्त)**
3. 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर।
4. 02 नाजायज चाकू।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. थाना प्रभारी श्री रवेन्द्र सिंह यादव थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
3. उ0नि0 श्री आदित्य भाटी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
4. उ0नि0 श्री दीपक कुमार थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
5. उ0नि0 श्री विकास कुमार थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
6. है0का0 107 देवेन्द्र बिष्ट थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
7. है0का0 221 जोगेन्द्र कसाना एस0ओ0जी0 टीम, मुजफ्फरनगर।
8. है0का0 391 तरूण पाल एस0ओ0जी0 टीम, मुजफ्फरनगर।
9. है0का0 707 कुलवन्त एस0ओ0जी0 टीम, मुजफ्फरनगर।

10 का0 1071 अलीम एस0ओ0जी0 टीम, मुजफ्फरनगर।

11. का0 2399 पवन कुमार थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
12. का0 2435 गौरव कुमार थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
13. का0 2400 आकाश कुमार थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।